(2) इन नियमों तथा मध्यप्रदेश सिविल सेवा (सेवा की सामन्य शर्ते) नियम-1961 के उपबंधें के अधीन रहते हुए उपबंध रिक्तियों पर अभ्यार्थियों की नियुक्ति के लिये सूची में से उसी कम में विचार किया जावेगा, जिसमें कि उनके नाम सूची में आये हों । वास्तविक रिक्त पदों के अतिरिक्त आरक्षण नियमों का पूर्णतः पालन करते हुए 25 प्रतिशत पदों की प्रतीक्षा सूची भी बनाई जावेगी ।

(3) सूची में किसी अभ्यार्थी का नाम सम्मिलित किये जाने से ही उसे नियुक्ति का कोई अधिकार तब तक प्राप्त नहीं हो जाता, जब तक कि नियुक्ति प्राधिकारी का ऐसी जांच करने के पश्चात् जैसी कि वह आवश्यक समझे, यह समाधान न हो जावे कि अभ्यार्थी सेवा में नियुक्ति के लिये सभी प्रकार से उपयुक्त है ।

13- <u>चयन सूची से सेवा में नियुक्ति</u> -

(1) सीधी भर्ती के लिये अंतिम गुणागुण सूची (मेरिट लिस्ट) लिखित परीक्षा, शारीरिक दक्षता परीक्षण तथा साक्षात्कार में प्राप्त अंको तथा बोनस अंकों के आधार पर तैयार की जावेगी । नियुक्तियां पदों की उपलब्धता के अधीन अभ्यार्थी व्दारा दी गई प्राथमिकता के आधार पर गुणागुण सूची (मेरिट-लिस्ट) से की जावेगी । परन्तु यह कि, केवल उन्ही अभ्यार्थियों की नियुक्ति के संबंध में विचार किया जावेगा, जिन्होनें शारीरिक दक्षता परीक्षा में कम से कम 30 प्रतिशत अंक प्राप्त किये हों । परन्तु यह कि, ऐसे भूतपूर्व सैनिकों के संबंध में जिनके नियुक्ति प्रमाण पत्र में चिकित्सा प्रवर्ग 'ख' से कम न हो और चरित्र का मूल्यांकन 'अनुकरणीय' के रूप में किया गया हो, नियुक्ति के लिये विचार किया जावेगा भले ही उसने शारीरिक दक्षता परीक्षाओं में न्यूनतम 20 प्रतिशत अंक ही प्राप्त किये हों । परन्तु उप निरीक्षक कम्प्यूटर के लिय नियम 6 (8)(चार) के अनुसार मेरिट लिस्ट, शारीरिक दक्षता परीक्षा में उत्तीर्ण अभ्यार्थियों द्वारा अन्य समस्त परीक्षाओं (लिखित,साक्षात्कार एवं बोनस अंक सहित) में प्राप्त अंको के आधार पर तैयार की जावें।

(2) एक समान कुल अंक प्राप्त करने वाले अभ्यार्थियों की परस्पर वरिष्ठता उनकी जन्मतिथि के आधार पर निश्चित की जावेगी । अधिक आयु वाले अभ्यार्थी को वरिष्ठ माना जावेगा ।

(3) नियुक्ति प्राधिकारी व्दारा चयन सूची जारी किये जाने के दिनांक से एक वर्ष की कालावधि तक विधि मान्य होगी ।

14- <u>परिवीक्षा अवधि तथा प्रशिक्षण</u> -

(1) ऐसे प्रत्येक अभ्यार्थी को जिसका उक्त नियम-12 में निर्दिष्ट सूची से चयन किया गया हो तथा जिसे उचित समझी गई जांच के पश्चात् नियुक्ति का प्रस्ताव दिया गया हो, सेवा में पदभार ग्रहण करने के दिनांक से दो वर्ष की कालावधि के लिये परिवीक्षा पर नियुक्त किया जावेगा । यदि कोई अभ्यार्थी जिसे परिवीक्षा पर नियुक्ति प्रस्ताव भेजा गया हो, दी गई दिनांक तथा स्थान पर प्रशिक्षण के लिये उपस्थित नहीं होता है, तो पुलिस महानिदेशक के आदेश व्दारा ऐसे अभ्यार्थी का नाम प्रवर-सूची से हटाया जा सकेगा तथा सक्षम प्राधिकारी यह आदेश जारी कर सकेगा कि वह उस अभ्यार्थी के नियुक्ति प्रस्ताव जारी करें, जिसका नाम गुणागुण-सूची में ठीक नीचे दिया गया है तथा जिसे ऐसे प्रस्ताव के लिये अन्यथा उपयुक्त पाया गया है ।

(2) प्रशिक्षण में प्रवेश लेने पर प्रत्येक अभ्यार्थी को राज्य शासन व्दारा निर्धारित वर्दी की अनुमानित लागत और सुरक्षा निधि (काशन-मनी) जमा करना होगा । अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा अन्य पिछड़े वर्ग के अभ्यार्थियों को केवल सुरक्षा निधि (काशन-मनी) जमा करना होगा ।

(3) निर्धारित प्रशिक्षण, विनिर्दिष्ट प्रशिक्षण संस्थाओं तथा अन्य इकाईयों में नियुक्ति के पश्चात् दिया जावेगा । निर्धारित लिखित, मौखिक तथा प्रायोगिक परीक्षा में असफल रहने तथा समय-समय पर निर्धारित मानदण्डों व्दारा प्रशिक्षण उद्देश्यों को पूरा न कर पाने की स्थिति में परिवीक्षा कालावधि बढ़ाई जा सकेगी तथा उसे सेवा से मुक्त भी किया जा सकता है ।

14- <u>वरिष्ठता तथा परस्पर वरिष्ठता का निर्धारण</u> -

वरिष्ठता सेवा अथवा उस सेवा की एक शाखा अथवा पदों के समूह के सदस्यों की वरिष्ठता निम्नलिखित सिद्धांतों के अनुसार निर्धारित की जावेगी, अर्थात -

(1) <u>सीधी भर्ती तथा पदौन्नत व्यक्तियों की वरिष्ठता</u> -

(क) नियमों के अनुसार किसी भी पद पर सीधे नियुक्त किये गये व्यक्तियों की वरिष्ठता उनके पदभार ग्रहण करने की तारीख पर ध्यान दिये बिना नियुक्ति हेतु अनुशंसित योग्यता कम के आधार पर निर्धारित की जावेगी । पूर्व में किये गये चयन के परिणामस्वरूप नियुक्त किये गये व्यक्ति, पश्चातवर्ती चयन के परिणामस्वरूप नियुक्त किये गये व्यक्तियों से वरिष्ठ होंगे ।

(ख) जहां कहीं विभागीय पदौन्नति समिति व्दारा किये गये चयन के आधार पर पदौन्नतियां की जानी हैं, वहां ऐसे पदौन्नत व्यक्तियों की वरिष्ठता समिति व्दारा ऐसी पदौन्नति के लिये अनुशंसित कम में निर्धारित की जावेगी ।

(ग) जहां अनुपयुक्त के अस्वीकरण अभ्यार्थी वरिष्ठता के आधार पर पदौन्नतियां की जाती हैं, वहां उसी समय पदौन्नति के लिये उपयुक्त पाये गये व्यक्तियों की वरिष्ठता वहीं रहेगी जैसाकि उस निचले संवर्ग में सापेक्षित वरिष्ठता थी, जिससे उन्हें पदौन्नत किया गया है तथापि यदि किसी व्यक्ति को पदौन्नति के लिये अनुपयुक्त समझा जाता है तथा कनिष्ठ व्यक्ति व्दारा अधिकमित किया जाता है और यदि ऐसे व्यक्ति ~~को~~ बाद में उपयुक्त पाये जाने पर पदौन्नत किया जाता है तो

उसे उच्चतर संवर्ग में ऐसे कनिष्ठ व्यक्तियों, जिन्होनें उसे अधिक्रमित किया था, से उपर वरिष्ठता प्राप्त नहीं होगी ।

(घ) ऐसे किसी व्यक्ति जिसका मामला वार्षिक चरित्रावली के अभाव में या किन्हीं अन्य कारणों में विभागीय पदौन्नति समिति व्दारा स्थगित कर दिया गया था किन्तु बाद में उसे उसी दिनांक से जिससे उससे कनिष्ठ व्यक्ति को पदौन्नत किया गया था, पदौन्नति के लिये उपयुक्त पाया गया हो, तो उसकी वरिष्ठता की गणना प्रवर सूची में उसके आसन कनिष्ठ व्यक्ति की पदौन्नति के दिनांक से या विभागीय पदौन्नति समिति व्दारा उसे पदौन्नति के लिये उपयुक्त पाये जाने के दिनांक से की जावेगी ।

(ड.) सीधी भर्ती तथा पदौन्नत व्यक्तियों के बीच सापेक्षित वरिष्ठता नियुक्ति / पदौन्नति आदेश जारी करने के दिनांक से निर्धारित की जावेगी । परन्तु यह कि, यदि किसी व्यक्ति को उससे वरिष्ठ व्यक्ति से पहले रोस्टर के आधार पर नियुक्त / पदौन्नत किया जाता है तो ऐसे व्यक्ति की वरिष्ठता उपयुक्त प्राधिकारी व्दारा तैयार की गई गुणागुण/प्रवर/उपयुक्त सूची के अनुसार निर्धारित की जावेगी ।

(च) यदि सीधी भर्ती वाले व्यक्ति की परिवीक्षा की कालावधि या किसी पदौन्नत व्यक्ति की परीक्षण कालावधि बढ़ाई जाती है तो नियुक्ति प्राधिकारी यह सुनिश्चित करेगा कि क्या उसे वही वरिष्ठता दी जानी चाहिये, जो उसे परिवीक्षा / परीक्षण की सामान्य कालावधि सफलतापूर्वक पूरी कर लेने पर दी जाती अथवा क्या उसे निम्नस्तर वरिष्ठता दी जानी चाहिये ।

(छ) यदि सीधी भर्ती तथा पदौन्नति के आदेश एक ही दिनांक को जारी किये जाते हैं तो पदौन्नत व्यक्तियों को सीधी भर्ती किये गये व्यक्तियों से वरिष्ठ माना जावेगा ।

(2) <u>अंतरित व्यक्तियों की वरिष्ठता</u> -

(क) राज्य शासन के एक विभाग से दूसरे विभाग में अंतरण व्दारा नियुक्त किये गये व्यक्तियों की सापेक्षित वरिष्ठता ऐसे अंतरण के लिये उनके चयन के आदेशानुसार निर्धारित की जावेगी ।

(ख) जहां किसी व्यक्ति की नियुक्ति भर्ती नियम के अनुसार अंतकरण व्दारा की गई हो, बशर्ते कि वह अंतरण सीधी भर्ती या पदौन्नति व्दारा उपयुक्त अभ्यार्थियों की अनुपलब्धता के कारण किया गया हो, ऐसी स्थिति में ऐस अंतरित व्यक्ति को सीधी भर्ती या पदौन्नत व्यक्तियों के साथ, यथास्थिति वर्गीकृत किया जावेगा तथा उसे उसी अवसर पर चुने गये सभी सीधी भर्ती या पदौन्नत व्यक्तियों के नीचे यथास्थिति स्थान दिया जावेगा ।

(ग) ऐसे व्यक्ति के मामले में जिसे आरम्भ में प्रतिनियुक्ति पर रखा गया हो तथा बाद में उसे समावेश कर लिया गया हो (अर्थात जहां ''प्रतिनियुक्ति अंतरण के आधार पर अंतरण'' के लिये संगत भर्ती नियम उपलब्ध हो) तो समावेशन किये गये संवर्ग में उनकी वरिष्ठता की गणना सामान्यतः समावेश के दिनांक से की जावेगी तथापि यदि वह पहले से ही अपने मूल विभाग नियमित आधार पर उसी अथवा समकक्ष संवर्ग में पदधारण कर रहा हो (समावेश के दिनांक को) तो की वरिष्ठता निधारित करते समय संवर्ग में की गई ऐसी नियमित सेवा की गणना भी की जावेगी किन्तु उसे शर्त के अधीन प्रतिनियुक्ति पर पदधारण करने के दिनांक से अथवा अपने वर्तमान विभाग में उसी या समकक्ष संवर्ग में नियमित आधार पर नियुक्त किये जाने के दिनांक से जो भी बाद में हो, वरिष्ठता दी जावेगी ।

स्पष्टीकरण - तथापि उक्त नियम के अनुसार अंतरित व्यक्ति की वरिष्ठता का निर्धारण ऐसे समावेश के दिनांक से पहले अगले उच्चतर संवर्ग में की गई किन्हीं नियमित

पदोन्नतियों को प्रभावित नहीं करेगा। दूसरे शब्दों में यह केवल समावेश के पश्चात् उच्चतर संवर्ग में होने वाली रिक्तियों को भरने के लिए किया जावेगा।

(3) <u>विशेष प्रकार के मामलों में वरिष्ठता</u> -

(क) ऐसे मामलों में जहां किसी शासकीय सेवक पर निचली सेवा संवर्ग या पद पर पदावन्नति की शास्ति अधिरोपित की गई हो और ऐसी पदावन्नति विनिर्दिष्ट अवधि के लिये की गई हो तथा इससे भविष्य में मिलने वाली वेतन वृद्धियां स्थगित न की जाती हो, तो जब तक कि दण्डादेश की शर्तों में अन्यथा उपबंधित न हो, शासकीय सेवक की वरिष्ठता उच्चतर सेवा संवर्ग या पद अथवा उक्त समय मान में उसी प्रकार निर्धारित की जावेगी जैसा कि उसके पदावन्नति न होने की स्थिति में की जाती है ।

(ख) जहाँ पदावनति विनिर्दिष्ट अवधि के लिये की गई हो तथा इससे भावी वेतन वृद्धियां स्थगित की जानी हो, तो शासकीय सेवक की वरिष्ठता जब तक कि दण्डादेश की शर्तों में उपबंधित न हो, पुर्नपदौन्नति होनें पर उच्चतर सेवा संवर्ग या पद अथवा उच्चतर समयमान में उसके व्दारा की गई सेवा के आधार पर निर्धारित की जावेगी ।

(ग) अतिशेष कर्मचारी नये कार्यालय में अपनी वरिष्ठता के प्रयोजन के लिये पिछले कार्यालय में की गई सेवा का लाभ पाने के हकदार नहीं होंगे । ऐसे कर्मचारियों को उनकी वरिश्ठता के मामले में नई भर्ती माना जावेगा ।

(घ) जब किसी कार्यालय में विशिष्ट संवर्ग के दो या अधिक अतिशेष कर्मचारियों का चयन दूसरे कार्यालय में संवर्ग में समावेश के लिये अलग-अलग दिनांको पर किया जाता है तो बाद वाले कार्यालय में उसकी परस्पर वरिष्ठता वही होगी जो पिछले कार्यालय में थी, परन्तु यह कि -

(1) इन दिनांको के बीच उस संवर्ग में नियुक्ति के लिये किसी सीधी भर्ती वाले व्यक्ति का चयन नहीं हुआ हो ।

(2) इन दिनांको के बीच उस संवर्ग में नियुक्ति के लिये किसी पदौन्नत व्यक्ति का अनुमोदन न किया गया हो ।

14- <u>कर्मचारियों की वरिष्ठता बाबत</u> -

(क) तदर्थ आधार पर नियुक्त व्यक्ति को उसे सेवा में नियमित किये जाने तक कोई वरिष्ठता नहीं दी जावेगी ।

(ख) यदि किसी व्यक्ति को भर्ती नियमों में दी गई प्रकिया का मूलतः पालन करते हुए तदर्थ आधार पर नियुक्त किया जाता है और इस प्रकार नियुक्त व्यक्ति नियमों के अनुसार उसे सेवा में नियमित किये जाने तक लगातार पद पर बना रहता है तो वरिष्ठता के लिये स्थानापन्न सेवा अवधि की गणना की जावेगी ।

15- <u>पदौन्नति व्दारा नियुक्ति बाबत्</u> -

(1) पात्र अभ्यार्थियों का पदौन्नति हेतु प्रारंभिक चयन करने के लिये एक समिति गठित की जावेगी, जिसमें अनुसूची-चार में वर्णित सदस्य होंगे तथापि यदि पदौन्नति समिति में अध्यक्षता करने वाले अधिकारी को छोड़कर नाम निर्देशित किये गये अन्य सदस्यों में यदि कोई सदस्य अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा अन्य पिछड़े वर्ग का प्रतिनिधित्व नहीं करता है तो समतुल्य रेंक के एक और अधिकारी को विभागीय पदौन्नति समिति में सम्मिलित किया जावेगा और विभागीय पदौन्नति समिति की सदस्य संख्या अपेक्षित सीमा तक बढ़ाई गई समझी जावेगी ।

(2) समिति की बैठक सामान्यतः कम से कम एक वर्ष में एक बार होगी ।

(3) ऐसे पदों में, जिसमें अनुसूची-2 में यथाविनिर्दिष्ट पदौन्नति का प्रतिशत 23 प्रतिशत या उससे अधिक हो, पदौन्नति के लिये उपलब्ध रिक्त स्थानों के 16 प्रतिशत तथा 23 प्रतिशत रिक्त स्थान अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति के उन अभ्यार्थियों के लिये आरक्षित रखे जावेंगे जो नियम-16 के उपबंधों के अनुसार पदौन्नति के लिये पात्र हैं ।

(4) आरक्षित रिक्तियों में पदौन्नति करनें के लिये प्रकिया सरकार के सामान्य प्रशासन विभाग व्दारा समय-समय पर जारी किये गये अनुदेशों के अनुसार होगी ।

16- <u>पदौन्नति के लिये पात्रता की शर्तें</u> -

(1) उपनियम (2) के उपबंधों के अध्यधीन रहते हुए समिति उन सभी व्यक्तियों के मामले पर विचार करेंगी, जिन्होनें उस वर्ष की एक जनवरी को उन पदों पर जिसमें कि पदौन्नति की जानी है, उतनें वर्षो की सेवा चाहे स्थानापन्न या अधिष्ठायी रूप से पूर्ण कर ली हो, जितनी कि अनुसूची-चार के कालम-चार में विनिर्दिष्ट है और जो उपनियम-2 के उपबंधों के अनुसार विचारार्थ क्षेत्र में आते हों ।

(2) उन मामलों में जहां पदौन्नति उपयुक्तता के अध्यधीन रहते हुए ज्येष्ठता सह योग्यता के आधार पर अथवा जिन में अनुपयुक्त व्यक्तियों को छोड़ कर ज्येष्ठता के आधार पर पदौन्नति की जानी हो वहां कोई भी विचारण क्षेत्र नहीं होगा । प्रत्येक संवर्ग के केवल उतनी ही संख्या में शासकीय कर्मचारियों के प्रकरणों पर विचार किया जावेगा जो आगामी एक वर्ष में होने वाली रिक्तियों को भरने के लिये पर्याप्त हो ।

17- <u>उपयुक्त अभ्यार्थियों की सूची तैयार करना</u> -

(1) विभागीय पदौन्नति समिति ऐसे व्यक्तियों की एक सूची तैयार करेगी जो उपर उल्लेखित नियम-16 में निर्धारित शर्तो को पूरा करते हों तथा जिन्हें समिति नें सेवा में पदौन्नति के लिये उपयुक्त ठहराया हो । यह सूची, चयन सूची तैयार करने के दिनांक से एक वर्ष के दौरान सेवानिवृत्त तथा पदौन्नति के कारण होने वाली प्रत्याशित रिक्तियों को भरने के लिये पर्याप्त होगी । पूर्वोक्त कालावधि के दौरान होने वाली अनपेक्षित रिक्तियों को भरने के लिये उक्त सूची में सम्मिलित व्यक्तियों की संख्या के 25 प्रतिशत व्यक्तियों की एक आरक्षित सूची भी तैयार की जावेगी ।

(2) ऐसी सूची में सम्मिलित करने के लिये चयन वरिष्ठता के आधार पर होगा, जिसमें गुणा-गुण तथा सभी दृष्टि से उपयुक्तता पर सम्यक ध्यान रखा जावेगा ।

(3) सूची में सम्मिलित किये गये अधिकारियों के नाम की प्रत्येक ऐसी चयन सूची तैयार किये जाने के समय अनुसूची-चार के कालम-2 में यथाविनिर्दिष्ट सेवा या पदों में वरिष्ठता कम में रखे जावेंगे ।

स्पष्टीकरण - ऐसे व्यक्ति को जिसका नाम चयन सूची में सम्मिलित किया गया हो किन्तु जो सूची की विधि मान्यता के दौरान पदौन्नत न किया जा सका हो, केवल उसे पूर्वोत्तर चयन के तथ्य से ही उन व्यक्तियों के उपर, जिन पर पश्चात्‌वर्ती चयन में विचार किया गया है, ज्येष्ठता का कोई दावा नहीं होगा ।

(4) इस प्रकार तैयार की गई सूची का प्रतिवर्ष पुर्नविलोकन तथा पुनरीक्षण किया जावेगा ।

(5) यदि चयन पुर्नविलोकन अथवा पुनरीक्षण की प्रकिया में सेवा के किसी सदस्य को अधिकमित किया जाना प्रस्तावित किया जावे तो समिति प्रस्तावित अधिकमण के लिये इसका कारण अभिलिखित करेगी ।

18- <u>चयन सूची</u> -

(1) नियुक्ति प्राधिकारी समिति से प्राप्त अन्य दस्तावेजों के साथ समिति व्दारा तैयार की गई सूची पर विचार करेगी और जब तक वह कोई परिवर्तन करना आवश्यक न समझे, सूची को अनुमोदित करेगा ।

(2) यदि नियुक्ति प्राधिकारी समिति से प्राप्त सूची में कोई परिवर्तन करना आवश्यक समझे तो वह (नियुक्ति प्राधिकारी) प्रस्तावित परिवर्तनों को समिति को सूचित करेगा तथा समिति की टिप्पणियों (समीक्षा) यदि कोई हो, पर विचार करने के पश्चात् सूची को अंतिम रूप से ऐसे उपांतरणों, यदि कोई हो, के साथ अनुमोदित करेगा, जो उनकी राय में न्यायपूर्ण एंव उचित हो ।

(3) नियुक्ति प्राधिकारी व्दारा अंतिम रूप से अनुमोदित सूची उक्त अनुसूची के कालम-3 में वर्णित पदों पर अनुसूची-चार के कालम-2 में वर्णित पदों में सेवा के सदस्यों की पदौन्नति के लिये चयन सूची होगी ।

(4) चयन सूची सामान्यतः एक वर्ष के लिये या तब तक प्रवृत्त रहेगी, जब तक कि नियम-17 के उपनियम-4 के अनुसार उसका पुर्नविलोकन या पुनरीक्षण नहीं कर लिया जाता किन्तु उसकी विधि मान्यता उसके तैयार किये जाने के दिनांक से 18 माह की कुल कालावधि के परे नहीं बढ़ाई जावेगी परन्तु चयन सूची में सम्मिलित किसी व्यक्ति की ओर से आचरण या कर्तव्य के पालन में गंभीर चूक होने की दशा में नियुक्ति प्राधिकारी के अनुरोध पर चयन सूची का विशेष रूप से पुर्नविलोकन किया जा सकेगा और विभागीय पदौन्नति समिति यदि वह उचित समझे, ऐसे व्यक्ति का नाम चयन सूची से हटा सकेगी ।

19- <u>चयन सूची से सेवा में नियुक्ति</u> -

(1) चयन सूची में सम्मिलित कर्मचारियों को सेवा के संवर्ग के पदों पर नियुक्तियां उसी कम से की जावेगी, जिस कम में ऐसे कर्मचारियों के नाम चयन सूची में आये हों ।

(2) जहां प्रशासनिक अत्यावश्यक्ता के कारण ऐसा करना अपेक्षित हो, वहां किसी ऐसे व्यक्ति को जिसका नाम चयन सूची में न हो, सेवा में नियुक्त किया जा सकेगा, यदि शासन को यह समाधान हो जावे कि रिक्त स्थान तीन माह से अधिक के लिये संभाव्य नहीं है ।

(3) साधारणतः उस व्यक्ति की, जिसका नाम सेवा की चयन सूची में सम्मिलित है, सेवा में नियुवित के पूर्व विभागीय पदौन्नति समिति से परामर्श करना तब तक आवश्यक नहीं होगा, जब तक कि चयन सूची में उसका नाम सम्मिलित किये जाने तथा प्रस्तावित नियुक्ति के दिनांक के बीच की कालावधि के दौरान उसे कार्य में कोई गिरावट आ गई है, जो नियुक्ति प्राधिकारी की राय में ऐसी हैं जो उसे सेवा में नियुक्ति के लिये अनुपयुक्त बनाती हो ।

20- <u>निर्वचन</u> -

यदि इन नियमों के निर्वचन के संबंध में कोई प्रश्न उद्भूत होता है तो उसे शासन को निर्दिष्ट किया जावेग, जिस पर उनका विनिश्चय अंतिम होगा ।

21- <u>शिथिलीकरण</u> -

इस नियमों की किसी भी बात का यह अर्थ नहीं लगाया जावेगा कि वह किसी ऐसे व्यक्ति के संबंध में जिसको ये नियम लागू होते हैं, ऐसी रीति से जो उसे उचित तथा साम्यापूर्ण प्रतीत हो, कार्यवाही करनें की राज्यपाल की शक्ति को सीमित या कम करती है, परन्तु मामले में ऐसी रीति से कार्यवाही नहीं की जावेगी जोकि इन नियमों में उपबंधित रीति की अपेक्षा उसके लिये कम अनुकूल हो ।

निरसन तथा व्यावृत्ति–

इन नियमों के तत्स्थानी और इनके प्रारम्भ होने के ठीक पहले लागू सभी नियम इन नियमों के अन्तर्गत आने वाले विषयों के संबंध में एतद् द्वारा निरस्त किये जाते है परन्तु इस प्रकार निरसित नियमों के अधीन किया गया कोई भी आदेश या की गई किसी कार्यवाही के संबंध में यह समझा जावेगा कि यह इन नियमों के तत्स्थानी उपबंधों के अधीन दिया गया आदेश या की गई कार्यवाही है।

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
एन. एन. एक्का, अवर सचिव.

:: अनुसूची-एक ::
(नियम-पांच देखिये)
सेवा में वर्गीकरण, वेतनमान और सेवा में सम्मिलित पदों की संख्या

सक.	सेवा में सम्मिलित पदों के नाम.	पदों की वर्गीकरण संख्या.	वेतनमान.	नियुक्ति प्राधिकारी.
1-	निरीक्षक/रक्षित निरीक्षक.	राज्य पुलिस सेवा तृतीय श्रेणी.	5500-175-9000.	पुलिस महानिरीक्षक.
2-	कंपनी कमांडर.	राज्य पुलिस सेवा तृतीय श्रेणी.	5500-175-9000.	पुलिस महानिरीक्षक.
3-	सूबेदार.	राज्य पुलिस सेवा तृतीय श्रेणी.	5000-150-8000.	पुलिस महानिरीक्षक.
4-	उप निरीक्षक.	राज्य पुलिस सेवा तृतीय श्रेणी.	4500-125-7000.	पुलिस महानिरीक्षक.
5-	उप निरीक्षक (रेडियो)	राज्य पुलिस सेवा तृतीय श्रेणी.	4500-125-7000.	पुलिस महानिरीक्षक.
6-	उप निरीक्षक (अं0चिन्ह)	राज्य पुलिस सेवा तृतीय श्रेणी.	4500-125-7000.	पुलिस महानिरीक्षक.
7'	उप निरीक्षक (क्यू/डी)	राज्य पुलिस सेवा तृतीय श्रेणी.	4500-125-7000.	पुलिस महानिरीक्षक.
8-	महिला उप निरीक्षक.	राज्य पुलिस सेवा तृतीय श्रेणी.	4500-125-7000.	पुलिस महानिरीक्षक.
9-	प्लाटून कमांडर.	राज्य पुलिस सेवा तृतीय श्रेणी.	4500-125-7000.	पुलिस महानिरीक्षक.
10-	सहायक उप निरीक्षक.	राज्य पुलिस सेवा तृतीय श्रेणी.	4000-100-6000.	पुलिस महानिरीक्षक.
11-	उप निरीक्षक(कम्प्यूटर)	राज्य पुलिस सेवा तृतीय श्रेणी	4500-125-7000	पुलिस महानिरीक्षक

:: अनुसूची-दो ::
(नियम-छः देखिये)

विभाग का नाम.	सेवा में सम्मिलित पदों के नाम.	कर्तव्य पदों की कुल संख्या.	भरे जाने वाले पदों की संख्या का प्रतिशत सीधी भर्ती.	सेवा में कार्यरत सदस्यों की पदोन्नति व्दारा.
गृह (पुलिस) छत्तीसगढ़ पुलिस अराजपत्रित सेवा.	निरीक्षक/रक्षित निरीक्षक.	-	-	100 प्रतिशत.
--''--	कंपनी कमांडर.	-	-	100 प्रतिशत.
--''--	सूबेदार.	-	100 प्रतिशत.	-
--''--	उप निरीक्षक.	-	67 प्रतिशत.	33 प्रतिशत.
--''--	उप निरीक्षक (रेडियो)	-	50 प्रतिशत.	50 प्रतिशत.
--''--	उप निरीक्षक (अं०चिन्ह)	-	67 प्रतिशत.	33 प्रतिशत.
--''--	उप निरीक्षक (क्यूडी)	-	67 प्रतिशत.	33 प्रतिशत.
--''--	महिला उप निरीक्षक.	-	67 प्रतिशत.	33 प्रतिशत.
--''--	प्लाटून कमांडर.	-	40 प्रतिशत.	60 प्रतिशत.
--''--	सहायक उप निरीक्षक.	-	-	100 प्रतिशत.
--''--	उपनिरीक्षक (कम्प्यूटर)	-	60 प्रतिशत	40 प्रतिशत (डाटा-एण्ट्री ऑपरेटर के पद से)

: : अनुसूची-तीन : :

(नियम-आठ देखिये)

विभाग का नाम.	सेवा में सम्मिलित पदों के नाम.	न्यूनतम आयुसीमा.	अधिकतम आयुसीमा.	विहित शैक्षणिक अर्हता.
गृह (पुलिस) विभाग.	सूबेदार.	18	28	किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक की उपाधि या समकक्ष.
--''--	उप निरीक्षक.	18	28	--''--
--''--	उप निरीक्षक (विशेष शाखा)	18	28	--''--
--''--	उप निरीक्षक (रेडियो)	18	28	शासन द्वारा किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय / संस्था से इलेक्ट्रीकल/ इलेक्ट्रानिक टेलीकम्युनिकेशन इंजीनियरिंग में तीन वर्ष का डिप्लोमा.
--''--	उप निरीक्षक (अंगुलचिन्ह)	18	28	शासन द्वारा किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से गणित, भौतिक शास्त्र तथा रसायन शास्त्र के साथ स्नातकया उसके समतुल्य उपाधि.
--''--	उप निरीक्षक (प्रश्नाधीन दस्तावेज)	18	28	--''--
--''--	महिला उप निरीक्षक.	18	28	किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक की उपाधि या समकक्ष.
--''--	प्लाटून कमांडर.	18	28	--''--
--''--	उपनिरीक्षक(कम्प्यूटर)	18	28	शासकीय या किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से बीसीए / बीएससी कम्प्यूटर) या समतुल्य उपाधि

:: अनुसूची-चार ::

(नियम-15 देखिये)

विभाग का नाम.	उस पद का नाम जिसमें पदोन्नति की जाना है.	उस पद का नाम जिस पर पदोन्नति की जाना है.	पदोन्नति हेतु न्यूनतम निर्धारित सेवाकाल.	विभागीय पदोन्नति समिति.
गृह (पुलिस) विभाग.	उप निरीक्षक.	निरीक्षक.	08 वर्ष सीधी भर्ती तथा 05 वर्ष पदोन्नत हेतु - नक्सली क्षेत्रों में लगातार 06 वर्ष तथा 04 वर्ष सेवा पूर्ण करनें वालों को कमशः दो एंव एक वर्ष की छूट.	पुलिस महानिदेशक व्दारा नामांकित एक पु0म0नि0 अध्यक्ष तथा दो उ0म0नि0 स्तर के अधिकारी सदस्य.
--''--	सूबेदार.	रक्षित निरीक्षक.	तीन वर्ष.	--''--
--''--	प्लाटून कमांडर.	कंपनी कमांडर.	08 वर्ष सीधी भर्ती तथा 05 वर्ष पदोन्नत हेतु - नक्सली क्षेत्रों में लगातार 06 वर्ष तथा 04 वर्ष सेवा पूर्ण करनें वालों को कमशः दो एंव एक वर्ष की छूट.	पुलिस महानिदेशक व्दारा नामांकि तीन उ0म0नि0 स्तर के अधिकारी - वरिष्ठ अधिकारी अध्यक्ष होंगे.
--''--	सहायक उप निरीक्षक.	उप निरीक्षक.	तीन वर्ष.	पुलिस महानिदेशक व्दारा नामांकि तीन उ0म0नि0 स्तर के अधिकारी - वरिष्ठ अधिकारी अध्यक्ष होंगे.
--''--	सहायक प्लाटून कमांडर.	प्लाटून कमांडर.	तीन वर्ष.	पुलिस महानिदेशक व्दारा नामांकि तीन उ0म0नि0 स्तर के अधिकारी - वरिष्ठ अधिकारी अध्यक्ष होंगे.
--''--	डाटा-एण्ट्री ऑपरेटर	उप निरीक्षक (कम्प्यूटर)	8 वर्ष एवं बीसीए / बीएससी कम्प्यूटर या समतुल्य डिग्री प्राप्त करने या होने पर 6 वर्ष	तीन उमनि संवर्ग के अधिकारी जिनमें से वरिष्ठ अध्यक्ष होंगे (पुलिस महानिदेशक व्दारा नामांकित)
--''--	उप निरीक्षक (कम्प्यूटर)	निरीक्षक (कम्प्यूटर)	8 वर्ष सीधी भर्ती एवं 5 वर्ष विभागीय पदोन्नति	अध्यक्ष पुमनि एवं दो सदस्य उमनि संवर्ग के (पुलिस महानिदेशक व्दारा नामांकित

:: अनुसूची - पांच ::

सक.	मद आयटम पुरुष अभ्यार्थी.	अंक.	मद आयटम महिला अभ्याथी.	अंक.
1-	**लम्बी कूद (तीन प्रयास)**	**40**	**लम्बी कूद (तीन प्रयास)**	**40**
	12 फिट (3.66 मीटर)	00	08 फिट (2.44 मीटर)	00
	14 फिट (4.27 मीटर)	08	10 फिट (3.05 मीटर)	08
	16 फिट (4.88 मीटर)	16	12 फिट (3.66 मीटर)	16
	17 फिट (5.18 मीटर)	24	13 फिट (3.96 मीटर)	24
	18 फिट (5.49 मीटर)	32	14 फिट (4.27 मीटर)	32
	19 फिट (5.79 मीटर) या इससे अधिक.	40	15 फिट (4.57 मीटर) या इससे अधिक.	40
2-	**उँची कूद (तीन प्रयास)**	**40**	**उँची कूद (तीन प्रयास)**	**40**
	04 फिट (1.22 मीटर)	00	03 फिट (0.91 मीटर)	00
	04 फिट 02 इंच (1.27 मी)	08	03 फिट 02 इंच (0.97 मी)	08
	04 फिट 04 इंच (1.32 मी)	16	03 फिट 04 इंच (1.02 मी)	16
	04 फिट 06 इंच (1.37 मी)	24	03 फिट 06 इंच (1.07 मी)	24
	04 फिट 08 इंच (1.42 मी)	32	03 फिट 08 इंच (1.12 मी)	32
	04 फिट 10 इंच (1.47 मी)	40	03 फिट 10 इंच (1.17 मी)	40
3-	**गोला फेंक (तीन प्रयास) वजन 16 पौन्ड.**	**40**	**गोला फेंक (तीन प्रयास) वजन 08 पौन्ड.**	**40**
	04 मीटर.	00	04 मीटर.	00
	05 मीटर.	08	05 मीटर.	08
	06 मीटर.	16	06 मीटर.	16
	07 मीटर.	24	07 मीटर.	24
	08 मीटर.	32	08 मीटर.	32
	09 मीटर या अधिक.	40	09 मीटर या अधिक.	40
4-	**100 मीटर दौड़.**	**40**	**100 मीटर दौड़.**	**40**
	12.5 सेकेण्ड या कम.	40	14.5 सेकेण्ड या कम.	40
	13.5 सेकेण्ड.	32	15.5 सेकेण्ड.	32
	14.5 सेकेण्ड.	24	16.5 सेकेण्ड.	24
	15.5 सेकेण्ड.	16	17.5 सेकेण्ड.	16
	16.5 सेकेण्ड.	08	18.5 सेकेण्ड.	08
	20 सेकेण्ड से अधिक.	00	22 सेकेण्ड से अधिक.	00
5-	**दौड़ 1500 मीटर**	**40**	**दौड़ 1500 मीटर**	**40**
	5 मिनिट	40	6 मिनिट	40
	5 मिनिट 10 सेकेण्ड	32	6 मिनिट 10 सेकेण्ड	32
	5 मिनिट 20 सेकेण्ड	24	6 मिनिट 20 सेकेण्ड	24
	5 मिनिट 30 सेकेण्ड	16	6 मिनिट 30 सेकेण्ड	16
	5 मिनिट 40 सेकेण्ड	08	6 मिनिट 40 सेकेण्ड	08
	5 मिनिट 50 सेकेण्ड से अधिक	00	6 मिनिट 50 सेकेण्ड से अधिक	00

ग्रामोद्योग विभाग
मंत्रालय, दाऊ कल्याण सिंह भवन, रायपुर

रायपुर, दिनांक 1 जून 2006

छत्तीसगढ़ खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड के लिए भरती नियम

क्रमांक एफ–1–26/04/(6) 52.—छत्तीसगढ़ खादी तथा ग्रामोद्योग अधिनियम, 1978 (क्र. 16 सन् 1978) की धारा–7 की उपधारा (3) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, छत्तीसगढ़ खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड निम्नलिखित नियम बनाती है, अर्थात् :—

नियम

1. संक्षिप्त नाम तथा प्रारंभः— (एक) इन 'नियमों' का संक्षिप्त नाम छत्तीसगढ़ खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड सेवा भर्ती नियम, 2006 कहलायेंगे ।
(दो) ये नियम राजपत्र में इसके प्रकाशन की तारीख से प्रवृत्त होगें ।

2. परिभाषाएंः— (क)"नियुक्ति प्राधिकारी" से अभिप्रेत है, उस सेवा को छोड़कर जिसके संबंध में नियुक्ति शासन द्वारा की जाती है, बोर्ड;
(ख) "समिति" से अभिप्रेत है, विभागीय पदोन्नति समिति;
(ग) "परीक्षा" से अभिप्रेत है, इन नियमों के नियम–6 के अधीन सेवा में भर्ती के लिए आयोजित प्रतियोगी परीक्षा;
(घ) "मंडल" से अभिप्रेत है, छत्तीसगढ़ खादी तथा ग्रामोद्योग अधिनियम, 1978 (क. 16 सन् 1978) की धारा 5 के अधीन गठित मंडल;
(ङ) "प्रबंध संचालक" से अभिप्रेत है, छत्तीसगढ़ खादी तथा ग्रामोद्योग अधिनियम, 1978 (क. 16 सन् 1978) की धारा 7 की उपधारा (1) के अधीन नियुक्त प्रबंध संचालक;
(च) "अनुसूची" से अभिप्रेत है, इन नियमों से संलग्न अनुसूची;
(छ) "अनुसूचित जाति" से अभिप्रेत है, भारत के संविधान के अनुच्छेद 341 के अधीन इस राज्य के संबंध में यथा विनिर्दिष्ट तथा राज्य सरकार द्वारा इस विषय में समय–समय पर अधिसूचित अनुसूचित जाति;
(ज) "अनुसूचित जनजाति" से अभिप्रेत है, भारत के संविधान के अनुच्छेद 342 के अधीन इस राज्य के संबंध में यथा विनिर्दिष्ट तथा राज्य सरकार द्वारा इस विषय में समय–समय पर अधिसूचित अनुसूचित जनजाति;
(झ) "सेवा" से अभिप्रेत है, छत्तीसगढ़ खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड सेवा;

3. **विस्तार तथा प्रयुक्तिः—** छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (सेवा की सामान्य शर्तें) नियम, 1961 में दिये गए उपबंधों की व्यापकता पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना ये नियम सेवा के प्रत्येक सदस्य पर लागू होंगें ।

4. **सेवा का गठनः—** सेवा में निम्नलिखित व्यक्ति समाविष्ट होंगें, अर्थातः—
   (1) वे व्यक्ति, जो इन नियमों के प्रारंभ होने के समय मूल या स्थानापन रूप में धारण कर रहे हों ।
   (2) वे व्यक्ति, जो इन नियमों के प्रारंभ होने के पूर्व सेवा भर्ती किये गये हों, और,
   (3) वे व्यक्ति, जो इन नियमों के उपबंधों के अनुसार सेवा में भर्ती किये गये हों ।

5. **वर्गीकरण, वेतनमान आदिः—** सेवा का वर्गीकरण, उससे संलग्न वेतनमान आदि सेवा में सम्मिलित पदों की संख्या इसमें संलग्न अनुसूची एक में दिये गये उपबंधों के अनुसार होगी । परन्तु मंडल सेवा में सम्मिलित पदों की संख्या में समय—समय पर स्थायी या अस्थायी तौर पर वृद्धि या कमी कर सकेगा ।

6. **भर्ती का तरीकाः—**(1) इन नियमों के प्रारंभ होने के बाद सेवा में भर्ती निम्नलिखित तरीकों से की जायेगी, अर्थात—
   (क) प्रतियोगी परीक्षा के माध्यम से सीधी भर्ती द्वारा ।
   (ख) अनुसूची—दो के कॉलम (4) में यथा विनिर्दिष्ट सेवा के सदस्यों की पदोन्नति द्वारा ।
   (ग) ऐसे व्यक्तियों के स्थानान्तरण द्वारा जो ऐसी सेवाओं में ऐसे पद, जो इस संबंध में विनिर्दिष्ट किये जाए, मूल हैसियत से धारण कर रहें हों ।

   (2) उपनियम (1) के खण्ड (ख), खण्ड (ग) के अधीन नियुक्त किये गए व्यक्तियों की संख्या किसी भी समय अनुसूची एक में विनिर्दिष्ट कर्तव्य पदों की संख्या के अनुसूची दो में बताये गए प्रतिशत से अधिक नहीं होगी ।

7. **सेवा में नियुक्तिः—** सेवा की समस्त नियुक्तियां नियम—6 में अंतर्विष्ट उपबंधों के अनुसार नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा किए जायेंगें ।

8. **सीधी भर्ती के अभ्यर्थियों की पात्रता की शर्तें:—** परीक्षा/चयन में पात्र होने के लिए अभ्यर्थी को निम्नलिखित शर्तें पूरी करनी चाहिए, अर्थात्—
   (क) परीक्षा प्रारंभ होने की तारीख के बाद आने वाली पहली जनवरी को उसकी आयु अधिकतम 30 वर्ष हो ।
   (ख) यदि उम्मीदवार अनुसूचित जाति अथवा अनुसूचित जनजाति का अभ्यर्थी हो तो अधिकतम आयु सीमा में 5 वर्ष तक छूट दी जाएगी ।

9. **शैक्षणिक अर्हतायें:—** अभ्यर्थी के पास अनुसूची तीन में दर्शाये अनुसार सेवा के लिए विहित

शैक्षणिक अर्हताएं होनी चाहिए ।

10. अभ्यर्थियों की पात्रता के संबंध में बोर्ड का निर्णय अंतिम होगाः— अभ्यर्थी के चयन के लिए किसी की पात्रता अथवा अन्यथा के संबंध में बोर्ड का निर्णय अंतिम होगा तथा अभ्यर्थी जिसे बोर्ड द्वारा प्रवेश हेतु प्रमाण—पत्र जारी नहीं किया गया है परीक्षा में उपस्थित होने के लिए अनुज्ञात होगा ।

11. अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जनजातियों के लिए पदों का आरक्षणः—

(क) सीधी भर्ती हेतु अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति तथा अन्य पिछड़ा वर्गों के लिए रिक्तियों/पदों का आरक्षण छत्तीसगढ़ शासन द्वारा समय—समय पर विहित अनुसार किए जाएंगें ।

(ख) आरक्षित रिक्तियों की पदोन्नति की प्रकिया शासन के सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा समय—समय पर जारी निर्देश के अनुसार होंगें । ।छत्तीसगढ़ शासन सामान्य प्रशासन विभाग की अधिसूचना कमांक—एक—4—2/2001/कमांक—एक—4—2/2001/1—3 रायपुर दिनांक 3 सितम्बर 2003 द्वारा लोक सेवाओं तथा पदों पर पदोन्नति के आधार पर अवधारण करने और अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के पक्ष में आरक्षण से संबंधित बनाये गये नियम बोर्ड के अधिकारी/कर्मचारी पर लागू होगें ।

(ग)पदोन्नति हेतु अवधारणः— (1)चतुर्थ श्रेणी से चतुर्थ श्रेणी के उच्च वेतनमान में, चतुर्थ श्रेणी से तृतीय श्रेणी, तृतीय श्रेणी से तृतीय श्रेणी के उच्च वेतनमान में, तृतीय श्रेणी से द्वितीय श्रेणी द्वितीय श्रेणी से द्वितीय श्रेणी के उच्च वेतनमान में एवं द्वितीय श्रेणी से प्रथम श्रेणी के पदों पर पदोन्नति "वरिष्ठता—सह—उपयुक्तता" के आधार पर की जावेगी ।

(2) प्रथम श्रेणी से प्रथम श्रेणी के उच्च वेतनमान के पदों पर पदोन्नति "योग्यता—सह—वरिष्ठता" के आधार पर की जाएगी ।

(3) आरक्षित प्रवर्ग में पदोन्नतिः— अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति की सेवा के सदस्यों की पदोन्नति में आरक्षण निम्नानुसार होगाः—

(एक) जब वरिष्ठता सह उपयुक्तता के आधार पर उपयुक्तता सूची बनाई जानी हो तो रोस्टर निम्नानुसार होगा—

अ.क.	पद का नाम जिससे पदोन्नति की जानी है	अनुसूचित जाति	अनुसूचित जनजाति
1	2	3	4
1.	द्वितीय श्रेणी के पदों पर, द्वितीय श्रेणी के अन्तर्गत पदों पर, तथा द्वितीय श्रेणी से प्रथम श्रेणी के पदों पर पदोन्नति	15 प्रतिशत	23 प्रतिशत
2.	तृतीय श्रेणी के पदों पर अथवा तृतीय श्रेणी के अन्तर्गत तथा चतुर्थ श्रेणी के अन्तर्गत पदों में पदोन्नति में	16 प्रतिशत	23 प्रतिशत

(दो) जब योग्यता सह—वरिष्ठता (मेरिट कम सीनियरटी) के आधार पर उपयुक्तता सूची बनाई जानी हो तो रोस्टर निम्नानुसार होगाः—

अ.क्र.	पद का नाम जिससे पदोन्नति की जानी है	अनुसूचित जाति	अनुसूचित जनजाति
1	2	3	4
1.	प्रथम श्रेणी से प्रथम श्रेणी में पदोन्नति	15 प्रतिशत	23 प्रतिशत

12. पदोन्नति द्वारा नियुक्तिः–(1) पात्र अभ्यर्थियों की पदोन्नति हेतु प्रारंभिक चयन करने के लिए एक समिति गठित की जायेगी, जिसमें अनुसूची चार के कालम क्रमांक–5 में उल्लेखित सदस्य हों ।
(2) समिति की बैठक ऐसी अंतरावधियों में होंगी, जो साधारणतः एक वर्ष से अधिक नहीं होगी ।
(3) समस्त सदस्यों की वरिष्ठता सूची तैयार की जावेगी तथा विभागीय पदोन्नति समिति के समक्ष प्रस्तुत की जाएगी ।

13. पदोन्नति के लिए पात्रता संबंधी शर्तेः– (1) उपनियम (2) के व्यवस्थाओं के अध्यधीन, समिति उन सभी व्यक्तियों के मामलों पर विचार करेगा, जिन्होनें उस वर्ष की पहली जनवरी को इससे संलग्न अनुसूची चार के कालम–2 में उल्लेखित पद/सेवा पर या किसी अन्य पद या पदों पर जिन्हें शासन ने उनके समतुल्य घोषित किया है, स्थानापन्न या मौलिक रूप से उतने वर्ष की सेवा पूर्ण कर ली हो जो अनुसूची चार के कालम 4 में अंकित है तथा विचारार्थ क्षेत्र में आते हों ।
(2) समिति पदोन्नति के लिए उपयुक्त अभ्यर्थियों की सेवा या पद वरिष्ठता के क्रम में एक चयन सूची तैयार करेगी । चयन की रीति योग्यता–सह–वरिष्ठता पर आधारित होगी जो समिति द्वारा पॉच वर्षो की गोपनीय प्रतिवेदन के आधार पर अवलोकन कर अवधारित किया जाएगा ।

14. चयन सूचीः– (1) बोर्ड समिति द्वारा तैयार की गई, सूची पर अन्य संबद्ध दस्तावेज के साथ विचार करेगा, किये जाने वाले किन्हीं परिवर्तनों के साथ उसे अनुमोदित करेगा ।
(2) वह तब तक प्रवृत्त रहेगी जब तक कि उसका पुनर्विलोकन या पुनरीक्षण न किया जावे,परन्तु इसकी वैधता इसके तैयार किये जाने की तारीख से 18 माह की कुल कालावधि से अधिक नहीं बढ़ायी जाएगी ।

15. चयन सूची से सेवा में नियुक्तिः–(1) चयन सूची में सेवा के सदस्यों की सेवा के संवर्ग में आने वाले पदों पर नियुक्तियॉ उसी क्रम से की जायेंगी, जिस क्रम से ऐसे व्यक्तियों के नाम चयन सूची में दिये गये हों । बोर्ड की ओर से पदोन्नति व नियुक्ति के पूर्ण अधिकार प्रबंध संचालक के पास होंगें ।
(2) साधारणतः उस व्यक्ति का, जिसका नाम चयन सूची में सम्मिलित है, नियुक्ति के पूर्व समिति से परामर्श करना तब तक आवश्यक नहीं होगा जबकि चयन सूची में उसका नाम सम्मिलित किये जाने तथा प्रस्तावित नियुक्ति के दिनांक के बीच की कालावधि के दौरान उसके कार्य में ऐसी गिरावट आयी है जो नियुक्ति प्राधिकारी की राय में ऐसी है जो उसे सेवा में नियुक्ति के लिए अनुपयुक्त बनाती हो ।

16. परिवीक्षाः— सेवा में सीधी भर्ती किया गया प्रत्येक व्यक्ति दो वर्ष की अवधि के लिए परिवीक्षा पर नियुक्त किया जावेगा ।

17. निरसन और व्यावृतिः— इन नियमों के तत्स्थानी समस्त नियम जो उनके प्रारंभ होने के ठीक पहले प्रवृत्त थे, एतद् द्वारा निरसित किये जाते हैं ।

परन्तु इस प्रकार निरसित नियमों के अधीन दिया गया कोई भी आदेश या की गई कोई भी कार्यवाही इन नियमों के तत्स्थानी उपबंधों के अधीन दिया गया आदेश या की गई कार्यवाही समझी जाएगी ।

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
नंद कुमार, सचिव.

अनुसूची—1
(नियम—5—देखिए)

सेवा में सम्मिलित पदों का नाम		पदों की संख्या	प्रवर्ग	वेतनमान
1		2	3	4

प्रधान कार्यालय

1.	प्रबंध संचालक	1	प्रथम वर्ग	आई.ए.एस. संवर्ग के
2.	वित्तीय सलाहकार	1	प्रथम वर्ग	12000—16500 राज्य वित्त सेवा संवर्ग
3.	संयुक्त संचालक	1	प्रथम वर्ग	12000—16500
4.	उपसंचालक	5	प्रथम वर्ग	10000—15200
5.	लेखाधिकारी	1	द्वितीय वर्ग	8000—13500 राज्य वित्त सेवा संवर्ग
6.	स्टेनोग्राफर	2	तृतीय वर्ग	4500—7000
7.	निरीक्षक	5	तृतीय वर्ग	4500—7000
8.	सुपरवाइज़र	6	तृतीय वर्ग	4000—6000
9.	सहायक ग्रेड—2	6	तृतीय वर्ग	4000—6000
10.	सहायक ग्रेड—3	4	तृतीय वर्ग	3050—4590
11.	वाहन चालक	1	तृतीय वर्ग	3050—4590
12.	दफ्तरी	1	चतुर्थ वर्ग	2610—3540
13.	भृत्य	4	चतुर्थ वर्ग	2550—3200

जिला कार्यालय

1.	सहायक संचालक/प्रबंधक	16	द्वितीय वर्ग	8000—13500
2.	निरीक्षक	16	तृतीय वर्ग	4500—7000
3.	सहायक ग्रेड—3	7	तृतीय वर्ग	3050—4590

उत्पादन केन्द्र एवं भण्डार

1.	सहायक संचालक/प्रबंधक	1	द्वितीय वर्ग	8000—13500
2.	निरीक्षक	3	तृतीय वर्ग	4500—7000
3.	सुपरवाइजर	14	तृतीय वर्ग	4000—6000
4.	सहायक ग्रेड—2	10	तृतीय वर्ग	4000—6000
5.	सहायक ग्रेड—3	12	तृतीय वर्ग	3050—4590
6.	भृत्य	9	चतुर्थ वर्ग	2550—3200

अनुसूची–2
(नियम–2–एवं 6 देखिए)

छत्तीसगढ़ खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड

	पदों का नाम	पदों की संख्या	भरे जाने वाले पदों की संख्या का प्रतिशत		
			सीधी भर्ती द्वारा (नियम 6(क)देखिए)	विभागीय पदोन्नति द्वारा(नियम 6(ख)देखिए)	प्रतिनियुक्ति द्वारा (नियम 6(ग)देखिए)
	1	2	3	4	5
	प्रधान कार्यालय				
1.	प्रबंध संचालक	1	–	–	100% भा.प्र.सेवा संवर्ग से
2.	वित्तीय सलाहकार	1	–	–	100% राज्य वित्ता सेवा संवर्ग से
3.	संयुक्त संचालक	1	–	100%	–
4.	उपसंचालक	5	–	100%	–
5.	लेखाधिकारी	1	–	–	100% राज्य वित्ता सेवा संवर्ग से
6.	स्टेनोग्राफर	2	100%	–	–
7.	निरीक्षक	5	25%	75%	–
8.	सुपरवाइजर	6	–	100%	–
9.	सहायक ग्रेड–2	6	–	100%	–
10.	सहायक ग्रेड–3	4	75%	25%	–
11.	वाहन चालक	1	100%	–	–
12.	दफ्तरी	1	–	100%	–
13.	भृत्य	4	100%	–	–

जिला कार्यालय

1.	सहायक संचालक / प्रबंधक	16	25%	75%	—
2.	निरीक्षक	16	25%	75%	—
3.	सहायक ग्रेड–3	7	75%	25%	—

उत्पादन केन्द्र एवं भण्डार

1.	सहायक संचालक / प्रबंधक	1	25%	75%	—
2.	निरीक्षक	3	25%	75%	—
3.	सुपरवाइजर	14	—	100%	—
4.	सहायक ग्रेड–2	10	—	100%	—
5.	सहायक ग्रेड–3	12	75%	25%	—
6.	भृत्य	9	100%	—	—

अनुसूची तीन
(नियम–8– देखिए)

विभाग का नाम	सेवा का नाम	न्यूनतम आयु सीमा	अधिकतम आयु सीमा	विहित शैक्षणिक योग्यता	अभियुक्ति
छ.ग. खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड	प्रधान कार्यालय के पद				
	1. प्रबंध संचालक	–	–	–	शासन द्वारा भरा/नियुक्त किया जावेगा
	2. वित्तीय सलाहकार	–	–	–	प्रतिनियुक्ति द्वारा भरा जायेगा ।
	3.संयुक्त संचालक	–	–	–	पदोन्नति द्वारा भरा जावेगा ।
	4. उपसंचालक	–	–	–	——"——
	5. लेखाधिकारी	–	–	–	प्रतिनियुक्ति द्वारा भरा जायेगा ।
	6. स्टेनोग्राफर	18	30	कम से कम हायर सेकेण्डरी उत्तीर्ण तथा मुद्रलेखन शीघ्रलेखन परीक्षा उत्तीर्ण तथा कम्प्यूटर में अनुभव	
	7. निरीक्षक	18	30	स्नातक	
	8. सुपरवाइजर	–	–	–	पदोन्नति से
	9. सहायक ग्रेड–2	–	–	–	पदोन्नति से
	10.सहायक ग्रेड–3	18	30	कम से कम हायर सेकेण्डरी मुद्रलेखन परीक्षा उत्तीर्ण,तथा कम्प्यूटर में अनुभव	
	11. वाहन चालक	18	30	कम से कम मिडिल स्कूल पास एवं वाहन चलाने संबंधी सक्षम अधिकारी द्वारा जारी वैद्य लायसेंस होना चाहिए ।	
	12. दफ्तरी	–	–	–	पदोन्नति से
	13. भृत्य	18	30	पूर्व माध्यमिक परीक्षा उत्तीर्ण एवं सायकल चलाना आना चाहिए	

जिला कार्यालय

सेवा का नाम	न्यूनतम आयु सीमा	अधिकतम आयु सीमा	विहित शैक्षणिक योग्यता	अभियुक्ति
1. सहायक संचालक/प्रबंधक	18	30	कम से कम द्वितीय श्रेणी में स्नातक उपाधि खादी तथा ग्रामोद्योग क्षेत्र में या महत्वपूर्ण संस्था/कम्पनियों में कार्य करने का अनुभवी को वरीयता	
2. निरीक्षक	18	30	कम से कम स्नातक	
3.सहायक ग्रेड–3	18	30	कम से कम हायर सेकेण्डरी मुद्रलेखन पास तथा कम्प्यूटर में अनुभव	

उत्पादन केन्द्र/भण्डार

सेवा का नाम	न्यूनतम आयु सीमा	अधिकतम आयु सीमा	विहित शैक्षणिक योग्यता	अभियुक्ति
1. सहायक संचालक/प्रबंधक	18	30	कम से कम द्वितीय श्रेणी में स्नातक उपाधि खादी तथा ग्रामोद्योग क्षेत्र में या महत्वपूर्ण संस्था/कम्पनियों में कार्य करने का अनुभव	
2. निरीक्षक	18	30	कम से कम स्नातक	
3. सुपरवाइजर	—	—	—	पदोन्नति द्वारा
4. सहायक ग्रेड–2	—	—	—	पदोन्नति द्वारा
5. सहायक ग्रेड–3	18	30	कम से कम हायर सेकेण्डरी पास मुद्रलेखन पास तथा कम्प्यूटर का अनुभव	
6. भृत्य	18	30	पूर्व माध्यमिक परीक्षा उत्तीर्ण एवं सायकल चलाना आता हो	

अनुसूची–4
(नियम 12 एवं 13 (1)देखिए)

विभाग का नाम	सेवा या पदस्थ नाम जिससे पदोन्नति की जानी है	उस सेवा या पद का नाम जिस पर पदोन्नति की जानी है	अनुभव	विभागीय पदोन्नति समिति के सदस्यों का नाम
1	2	3	4	5
छ.ग.खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड	1.उपसंचालक	संयुक्त संचालक	5 वर्ष	अध्यक्ष– प्रबंध संचालक सदस्य–(1)सचिव / अतिरिक्तसचिव / उपसचिव ग्रामोद्योग विभाग (2)सचिव / अतिरिक्त सचिव / उपसचिव सार्वजनिक उपक्रम विभाग
	2. सहायक संचालक / प्रबंधक	उपसंचालक	5 वर्ष	उपरोक्तानुसार
	3. निरीक्षक / स्टेनोग्राफर	सहायक संचालक / प्रबंधक	5 वर्ष	अध्यक्ष– प्रबंध संचालक सदस्य–(1) वित्तीय सलाहकार (2)उपसंचालक स्थापना
	4. सुपरवाइजर / सहायक ग्रेड–2	निरीक्षक	5 वर्ष	उपरोक्तानुसार
	5. सहायक ग्रेड–3	सहायकग्रेड–2 / सुपरवाइजर	5 वर्ष	उपरोक्तानुसार
	6. दफ्तरी / भृत्य	सहायक ग्रेड–3	5 वर्ष	उपरोक्तानुसार
	7. भृत्य	दफ्तरी	5 वर्ष	उपरोक्तानुसार

Raipur, the 1st June 2006

No. F-1-26/04/(6) 52.—In exercise of the powers conferred by sub section (3) of section 7 of the Chhattisgarh Khadi Tatha Gramodyog Adhiniyam, 1978 (No. 16 of 1978) the Chhattisgarh Khadi Tatha Gramodyog Board, hereby makes the following rules, namely :—

Rules

1. **Short title and commencement** :-

(i) These rule may be called the Chhattisgarh Khadi Tatha Gramodyog Board, Service Recruitment Rule 2006.

(ii) These rules shall come into force with effect from the date of its publication in the official Gazette.

2. **Definitions** :- In these rules unless the content otherwise requires :-

(A) "Appointing Authority" means Board. Except for that service, for which the government, for the purpose of service, makes appointment.

(B) "Committee" means departmental promotion committee.

(C) "Examination" means written or oral examination under Rule 6 of the said requirement rules.

(D) 'BOARD' means Board constituted under rule 5 of Chhattisgarh Khadi Tatha Gramodyog 1978 (No.16 of 1978)

(E) "Managing director". means the managing director appointed under sub section (1) of section-7, Chhatisgarh Khadi Tatha Gramodyog Adhiniyam 1978.(No.16 of 1978)

(F) "Schedule" means a schedules appended to these rules.

(G) "Scheduled Castes" means the Scheduled castes as specified in relation this state under Article 341 of the constitution of India.

(H) "Scheduled tribe" means the schedule tribe as specifide in relation to this state under article 342 of the Constitution of India.

(I) "Service" means the services of Board as given in appendix -2 of scheduled (ii).

3. **Extent and Contrivance** :- Chhattisgarh civil services (General conditions of service Rule 1961) giving for that generality of annexure, without adverse effect service rules will apply to every member.

4. **Constitution of Service** :-The service shall consist of the following persons namely :-

    1. persons who at commencements ruleare holding substantively or in officiating capacity the passes specified in schedule.
    2. persons recruited to the service before the commencement of these rule and
    3. persons recruited to the in service accordance with the provisions of these rule.

5. **Classification, Pay scale etc** : - classification of the service, the scale of pay attached ther to and number of posts included in the service shall be in accordance with the provision contained in the Schedule. But the board would extent or reduces the number of post time permanent or temporary.

6. **Method of recruitment**:- (1)Recruitment in the service after the commencement of these rules, shall be following method, namely :-

    A. By direct recruitment by competition examination .

    B. By promotion

    C. By transfer these persons who have-holding the original post in service. which is specified

(2)At any time Number of persons under Clasue (B) & (C) of Sub-Rule 1 (Specified in schedule 1) shall be not execs the percent (%) that has given number of duty posts in schedule 2.

7. **Appointment of service**:- According to Meeting NO. 2 of board of director, proposal-arrangement No. 6 dated 18.07.2002, Officer of disciplinary action of upto 3rd class employees, Managing director, 1st class & 2nd class officer recommendation of managing director be delegated to chairman.

8. **Condition of qualification for direct recruitment** :- A candidate should fulfill the following condition for selection eligibility of competition examination that is :-

   Age :- (A) He has attained the age 30 year to commencing 1st January after date of examination / selection.

   (B) if the candidate belongs to the scheduled castes or scheduled tribes, maximum 5 year may exempt.

9. **Educational qualification** :- He should have education qualificatin for service according to mentioned in schedule 3.

10. **Eligibility of candidates the decision of the board would final** : Any candidate eligibility or ineligibility to appear in the selection examination the decision of board would be final.

11. **Reservation of posts for schedule casts / Scheduled tribes** : -

    (a) Rules prescribed time to time by the state of Chhattisgarh Relating to percents Scheduled castes / Scheduled tribes and other Backward class for direct recruitment shall be applicable.

    (b) Staff service rules promotion rules and reservation criteria prescribed for the Scheduled caste and Scheduled tribes notified by the general Administration Department Chhattisgarh Government vide notification No. F-1-2/2001/1-3

Raipur dated 3rd Sept. 2003 shall be applicable to the staff and officers of the board.

(c) Eligibility Criteria for promotion;- (1) Promotion from class IVth to class IVth senior pay scale, class IVth to class III, class III to class III senior pay scale, class III to class II, class II to class II senior pay scale and class II to class I shall be on seniority cum fitness basis.

(2) Promotion from class- I to class- I senior pay scale shall be based on merit- cum- seniority basis.

(3) **<u>Promotion in reserve category</u>** :- Reservation in promotion to the members in service belonging to Scheduled Casts /schedule tribe shall be as under :-

(one) Whether fit list is to be prepared on the basis of seniority, subject to fitness the roster shall be as under :-

S.NO. (1)	(2)	Scheduled Cast (3)	Scheduled Tribe (4)
1.	promotion to class -II posts, promotion within class-II posts and promotion from class-II to class I posts	**15%**	**23%**
2.	promotion to class-III posts, promotion within class-III posts promotion within class-III posts and promotion from class-IVth to class-III posts and promotion within class-IVth posts	**16%**	**23%**

(Two) Whether the fit list is to be prepared on the basis of merit cum-seniority, the roaster shall be as under:-

S.NO. (1)	(2)	Scheduled Cast (3)	Scheduled Tribe (4)
1.	Promotion from class-I to class-I senior pay scale	**15%**	**23%**

12. **Appointment by promotion** :-(1) The list as finally approved by the committee shall from the select list for promotion of members of service as mentioned in Column 2 of From Column 3 of the Said schedule(IV)

(2) Meeting of committee shall be held interval. generally not more than one year.

(3) Seniority list shall be making of all members of service to produce Dempartmental Promotion Committee.

13. **Conditions for Eligibility for Promotion :-** (A). The Sub Rule (B) the committee shall be consider the cases of all personas, Who on the 1st day of January of that year, have completed the period or service shown in column (4) of schedule (iv) (whether officiating or substatantive) in the post/service mentioned in column 2 of schedule 4 or any other post or post declare equivalent there to by the Goverment.

(B). Committee shall makes a selection list for eligible candidates service or seniority according to series. The parameter of the selection shall on the basis of seniority and qualification that shall be final by the committee by virtue of 5 years confidential report.

14. **Selectioin List :-** (A) Board shall consider with the other relevant documents selection list has made by the committee, going to be change it shall be recommended and shall undertaking till unless review or revision.

(B) It is applicable for the period unless it is revised but its Validity has not been expended beyond 18 month from the date of its preparation.

15. **Appointment in service from selection list** :- (A)Appointment for the posts which including persons in the list service come within cadre is according to the list of seniority. Managing director has a full power to appointment or promotion.

(B) Normally, before Selection it is not necessary for the person whose name is appear in the selection list. to cansult with committee. when he is not eligible for appointment in service as per the opinion of the appointig athrority due to defeniotion of his service during the period of appearing his name in selection list and proposed date of appointment.

16. **Probation** :- Every person who has appointed as direct recruitments his or her probation for a period of two years.

17. **Repeal & Saving** :- All rules regarding this rules and prior to start undertakes the all rules the subject under this rules may repeal.

Provided that any order made or action taken under the rules so repealed shall be deemed, to have been made, or taken under the corresponding provisions of these rules.

By order and in the name of the Governor of Chhattisgarh,
NAND KUMAR, Secretary.

Schedule I

(See Rule 5)

	Name of post included in the service (1)	Number of Post (2)	Categary (3)	Pay Scale (4)
	Head Office			
1.	Managing Director	1	Class-I	I.A.S. Cadre
2.	Financial Advisor	1	Class-1	12000-16500 State Finance Cadre
3.	Jonit Director	1	Class-1	12000-16500
4.	Deputy Director	5	Class-1	10000-15200
5.	Account Officer	1	Class-II	8000-13500 State Finance Cadre
6.	Stenographer	2	Class-III	4500-7000
7.	Inspector	5	Class-III	4500-7000
8.	Supervisor	6	Class-III	4000-6000
9.	Assistant Grade-II	6	Class-III	4000-6000
10.	Assistant Grade-III	4	Class-III	3050-4590
11.	Driver	1	Class-III	3050-4590
12.	Daftari	1	Class-IV	2610-3540
13.	Peon	4	Class-IV	2550-3200
	District Office			
1.	Assistant Director/ Manager	16	Class-II	8000-13500
2.	Inspector	16	Class-III	4500-7000
3.	Assistant Grade-III	07	Class-III	3050-4590

Production Center & Marketing Center

1.	Assistant Director/ Manager	1	Class-II	8000-13500
2.	Inspector	3	Class-III	4500-7000
[illegible]	Supervisor	14	Class-III	4000-6000
4.	Assistant Grade-II	10	Claas-III	4000-6000
5.	Assistant Grade-III	12	Class-III	3050-4590
6.	Peon	9	Class-IV	2550-3200

SCHEDULE NO. 2

(See Rule 2 and 6)

Chhattisgarh Khadi Tatha Gromodyog Board

Name of Department and name of post	No. of post	percentage of to be filled: By Direct Recruitment	By Departmental promotion	by Deputation
		See rule 6(a)	See rule6 (b)	See rule 6(c)
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)
1. Managing Director	1	-	-	100% I.A.S. Cadre
2. Financial Advisor	1	-	-	100% State Finance Cadre
3. Joint Director	1	-	100%	-
4. Deputy Director	5	-	100%	-
5. Account Officer	1	-	-	100% State Finance Cadre
6. Stenographer	2	100%	-	-
7. Inspector	5	25%	75%	-
8. Supervisor	6	-	100%	-
9. Assistant Grade-II	6	-	100%	-
10. Assistant Grade-III	4	75%	25%	-
11. Driver	1	100%	-	-
12. Daftari	1	-	100%	-
13. Peon	4	100%	-	-

DISTRICT OFFICE

1. Assistant Director/ Manager	16	25%	75%	-
2. Inspector	16	25%	75%	-
3. Assistant Grade III	7	75%	25%.	-

Production Center & Markenting Center

1. Assistant Director/ Manager	[illegible]	25%	75%	-
2. Inspector	3	25%	75%	-
3. Supervisor	14	-	100%	-
4. Assistant Grade-II	10	-	100%	-
5. Assistant Grade-III	12	75%	25%	-
6. Peon	9	100%	-	-

SCHEDULE-3
(See Rule-8)

Name of Department	Name of service	Minimum Age	Maximum Age	Colification	Remark
Chhattisgarh Khadi & Village Industriese Board	Haed Office Post				
	1. Managing Director	-	-	-	Deputation I.A.S. Cadre
	2. Finanace Advisor	-	-	-	State Finanace Cadre
	3. Joint Director	-	-	-	By Promotion
	4. Dy. Director	-	-	-	As above
	5. Account officer	- -	-	-	State Finanace Cadre
	6. Stenographar	18 Years	30 Years	Higher Secondary (10+2) Examination pass And Diploma in Sharthand, Typing Pass	-
	7. Inspector	18 Years	30 Years	Graduate	-
	8. Supervisor	-	-	-	By Promotion
	9. Asst.Grade-II	-	-	-	By Promotion
	10. Asst.Grade-III	18 Years	30 Years	Higher Secondary (10+2) Examination Pass, Typing pass & Experience of Computer	-
	11. Driver	18 Years	30 Years	Midle School pass & Jeep/Car Light Vehicle Driving Liecence	-
	12. Daftari	-	-	-	By Promotion
